बजट घोषणा 2014–15

क्र.सं.	घोषणा संख्या	घोषणा
1.	167.	हमने वर्ष 2007–08 में राजस्थान राज्य जनजाति उपयोजना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंचायत समिति मुख्यालयों पर ग्रामीण युवा केन्द्र की स्थापना की घोषणा की थी। इस अभिनव योजना को अकारण बंद कर दिया गया था। मैं इन ग्रामीण युवा केन्द्रों को पुनः प्रारम्भ करने की घोषणा करती हूँ। साथ ही, अन्य पंचायत समितियों में भी इन्हें चरणबद्ध रूप से प्रारंभ करने की घोषणा करती हूँ।
2.	**168.**	राज्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एक स्क्वैश अकादमी Squash Academy जन–सहभागिता के आधार पर स्थापित की जायेगी।
3.	**169.**	बीकानेर में करणी सिंह स्टेडियम, वेलोड्रम स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स तथा सार्दुल स्पोर्ट्स स्कूल के विकास एवं संचालन हेतु एक सोसाइटी का गठन किया जायेगा।
4.	**170.**	जयपुर शहर में स्थित Organised Archery, Shooting and Equestrian Sports Complex को सुधार और विकसित कर Night Shooting की व्यवस्था भी की जायेगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के Electronic Targets लगाये जायेंगे। जयपुर शहर में 6 सिंथेटिक टेनिस कोर्ट भी बनाये जायेंगे।
5.	**171.**	निजी क्षेत्र के सहयोग से 18 Hole का एक Golf-Course जयपुर में स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा।